दिवस 20

drishtiias.com/hindi/printpdf/day-20-1

आधुनिक भारतीय इतिहास-3 (स्वतंत्रता संग्राम- गांधीवादी युग)

आधुनिक इतिहास के प्रश्न UPSC के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण टॉपिक बने हुए हैं। विगत वर्षों के दौरान इस टॉपिक से संबंधित विभिन्न प्रश्न प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गए हैं। **रॉलेट एक्ट, भारत छोड़ो आंदोलन, क्रिप्स मिशन, भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के सत्र** जैसे विषयों से प्रायः प्रश्न पूछे जाते हैं । प्रारंभिक परीक्षा में इस विषय से पूछे जाने वाले प्रश्न अधिकांशतः स्थैतिक प्रवृत्ति के होते हैं। इसके लिये किसी भी मानक पाठ्यपुस्तक का अध्ययन करना चाहिये।

स्वतंत्रता संग्राम का गांधीवादी चरण

प्र. भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)

1- महात्मा गाँधी 'गिरमिटिया (इंडेंचर्ड लेबा, प्रणाली के उन्मूलन में सहायक थे।
2- लॉर्ड चेम्सफोर्ड की 'वॉर कॉन्फरेन्स' महात्मा गाँधी ने विश्व युद्ध के लिये भारतीयों की भरती से संबंधित प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया था।
3- भारत के लोगों द्वारा नमक कानून तोड़े जाने के परिणामस्वरूप औपनिवेशिक शासकों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस को अवैध घोषित कर दिया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. निम्नलिखित में से कौन-सा एक चंपारण सत्याग्रह के अति महत्त्वपूर्ण पहलू है? (2018)

(a) राष्ट्रीय आंदोलन में अखिल भारतीय स्तर पर अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता

(b) राष्ट्रीय आंदोलन में भारत के दलित और आदिवासी समुदायों की सक्रिय सहभागिता

(c) भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में किसान असंतोष का सम्मिलित होना

(d) रोपण फसलों तथा वाणिज्यिक फसलों की खेती में भारी गिरावट

प्र. 1932 में महात्मा गांधी ने मरणपर्यन्त उपवास प्रधानतया इसलिये किया कि (2012)

(a) गोल मेंज सभा भारतीय राजनीतिक आकांक्षओं को सन्तुष्ट करने में असफल हुई

(b) कॉन्ग्रेस और मुस्लिम लीग में मत-भिन्नता थी।

(c) रैम्जे मैकडोनल्ड ने सांप्रदायिक अधिनिर्णय (कम्युनल एवार्ड) की घोषणा की

(d) इस संदर्भ में उपरोक्त (a), (b) तथा (c) में से कोई भी सही नहीं है

प्र. खेड़ा के किसानों के पक्ष में महात्मा गांधी के सत्याग्रह संघटित करने का क्या कारण था? (2011)

1- अकाल पड़ने के बावजूद प्रशासन ने भू-राजस्व की उगाही स्थगित नहीं की थी।
2- प्रशासन का यह प्रस्ताव था कि गुजरात में स्थाई बंदोबस्त लागू कर दिया जाए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. “करो या मरो” नारा निम्नलिखित आंदोलनों में से किससे संबंधित है? (2009)

(a) स्वदेशी आंदोलन

(b) असहयोग आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) भारत छोड़ो आंदोलन

प्र. डांडी यात्रा के साथ निम्नलिखित में से क्या प्रारंभ हुआ? (2009)

(a) होम रूल आंदोलन

(b) असहयोग आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) भारत छोड़ो आंदोलन

भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के सत्र/अधिवेशन

प्र. निम्नलिखित में से किस आंदोलन के कारण भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का विभाजन हुआ जिसके परिणामस्वरूप 'नरम दल' और 'गरम दल' का उद्भव हुआ? (2015)

(a) स्वदेशी आंदोलन

(b) भारत छोड़ो आंदोलन

(c) असहयोग आंदोलन

(d) सविनय अवज्ञा आंदोलन

प्र. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2015)

1- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष सरोजिनी नायडू थी।
2- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयब जी थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का वर्ष 1929 का अधिवेशन इसलिये महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अधिवेशन में: (2014)

(a) कॉन्ग्रेस के उद्देश्य के तौर पर स्व-शासन प्राप्ति की घोषणा की गई।

(b) कॉन्ग्रेस की लक्ष्य के तौर पर पूर्णस्वराज प्राप्ति को स्वीकृत किया गया

(c) असहयोग आंदोलन का आरंभ हुआ

(d) लंदन में गोलमेज सम्मेलन में भागीदारी करने का निर्णय लिया गया

प्र. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का लाहौर अधिवेशन (1929) इतिहास में इसलिये बहुत प्रसिद्ध है, क्योंकि (2012)

1- कॉन्ग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की माँग का एक संकल्प पारित किया
2- इस अधिवेशन में उग्रवादियों एवं उदारवादियों के बीच झगडे़ को सुलझा लिया गया
3- इस अधिवेशन में दो राष्ट्रों की मांग के सिद्धांत को अस्वीकार करते हुए एक संकल्प पारित किया गया

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र. 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के कराची अधिवेशन के लिये, जिसकी अध्यक्षता सरदार पटेल कर रहे थे, किसने मूल अधिकारों तथा आर्थिक कार्यक्रम पर संकल्प प्रारूपित किया था? (2010)

(a) महात्मा गांधी

(b) पंडित जवाहरलाल नेहरु

(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(d) डॉ. बी.आर अम्बेडकर

स्वतंत्रता की ओर

प्र. भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के संबंध में निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:

1- रॉयल इंडियन नेवी में गदर
2- भारत छोड़ो आंदोलन का प्रारंभ
3- द्वितीय गोलमेज सम्मेलन

उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम क्या है?

(a) 1 – 2– 3

(b) 2 – 1 – 3

(c) 3 – 2 – 1

(d) 3 – 1 – 2

प्र. सर स्टैफर्ड क्रिप्स की योजना में यह परिकल्पना की गई थी कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद: (2016)

(a) भारत को पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की जानी चाहिये

(b) स्वतंत्रता प्रदान करने से पहले भारत को दो भागों में विभाजित कर देना चाहिये

(c) भारत को इस शर्त के साथ गणतंत्र बना देना चाहिये कि वह राष्ट्रमंडल में शामिल होगा

(d) भारत को डोमिनियन स्टेटस दे देना चाहिये

प्र. कैबिनेट मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2015)

1- इसने एक संघीय सरकार के लिये सिफारिश की।
2- इसने भारतीय न्यायालयों की शक्तियों का विस्तार किया।
3- इसने ICS में और अधिक भारतीयों के लिये उपबंध किया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) कोई नहीं

प्र. साइमन कमीशन के आने के विरूद्ध भारतीय जन-आंदोलन क्यों हुआ? (2013)

(a) भारतीय, 1919 के अधिनियम की कार्यवाही का पुनरीक्षण कभी नहीं चाहते थे

(b) साइमन कमीशन ने प्रांतों में द्विशासन की समाप्ति की संस्तुति की थी

(c) साइमन कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था

(d) साइमन कमीशन ने देश के विभाजन का सुझाव दिया था

प्र. भारत छोड़ो आंदोलन किसकी प्रतिक्रिया में प्रारंभ किया गया? (2013)

(a) कैबिनेट मिशन योजना

(b) क्रिप्स प्रस्ताव

(c) साइमन कमीशन रिपोर्ट

(d) वेवेल योजना

प्र. 1939 में कॉन्ग्रेस मंत्रिमंडल ने सात प्रांतों में त्यागपत्र दे दिया था, क्योंकि- (2012)

(a) कॉन्ग्रेस अन्य चार प्रांतों में मंत्रिमंडल नहीं बना पाई थी

(b) कॉन्ग्रेस में 'वामपक्ष' के उदय से मंत्रिमंडल का कार्य कर सकना असंभव हो गया

(c) उनके प्रांतों में बहुत अधिक सांप्रदायिक अशांति थी

(d) उपर्युक्त कथनों (a), (b) और (c) में से कोई भी सही नहीं हैं

प्र. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के काल के संदर्भ में नेहरू रिपोर्ट में निम्नलिखित में से किसकी/किनकी की अनुशंसा की गई थी? (2011)

1- भारत के लिये पूर्ण स्वतंत्रता
2- अल्पसंख्यकों हेतु आरक्षित स्थानों के लिये संयुक्त निर्वाचन क्षेत्र
3- संविधान में भारतीयों के लिये मौलिक अधिकारों का प्रावधान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी एक टिप्पणी सत्य नहीं है? (2011)

(a) यह आंदोलन अहिंसक था

(b) उसका नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था

(c) यह आंदोलन स्वत: प्रवर्तित था

(d) इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था

प्र. निम्नलिखित में से कौन क्रिप्स मिशन के साथ कॉन्ग्रेस के आधिकारिक वार्ताकार थे? (2010)

(a) महात्मा गांधी एवं सरदार पटेल

(b) आचार्य जे.बी. कृपलानी एवं सी. राजगोपालाचारी

(c) पंडित जवाहरलाल नेहरु एवं मौलाना आज़ाद

(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एवं रफी अहमद किदवई

प्र. साइमन कमीशन की सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है? (2010)

(a) इसने प्रांतों में द्वैध शासन को उत्तरदायी सरकार द्वारा प्रतिस्थापित करने की संस्तुति की

(b) इसने गृह विभाग के अधीन अंतर-प्रांतीय परिषद स्थापित करने का सुझाव दिया

(c) इसने केंद्र में द्विसदन विधायिका के उन्मूलन का सुझाव दिया

(d) इसने भारतीय पुलिस सेवा इस प्रावधान के साथ सृजित करने की संस्तुति की, कि ब्रिटिश भर्ती का, भारतीय भर्ती की तुलना में वेतन तथा भत्ता अधिक होगा

प्र. भारत छोड़ो आंदोलन के उपरांत, सी. राजगोपालाचारी ने “दी वे आउट” नामक पैम्फलेट जारी किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रस्ताव इस पैम्फलेट में था? (2010)

(a) ब्रिटिश भारत तथा भारतीय राज्यों के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक “युद्ध सलाहकार परिषद” की स्थापना

(b) केंद्रीय कार्यकारी परिषद का इस प्रकार पुनर्गठन कि गवर्नर जनरल तथा कमांडर-इन-चीफ के अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य भारतीय हों

(c) केंद्रीय तथा प्रांतीय विधानमंडलों के 1945 के अंत में नए चुनाव कराए जाएँ तथा संविधान का निर्माण करने वाले निकाय को यथासंभव शीघ्र आयोजित किया जाए

(d) संवैधानिक गतिरोध का हल

प्र. ‘व्यक्तिगत सत्याग्रह’ में विनोबा भावे को प्रथम सत्याग्राही चुना गया था। दूसरा कौन था? (2009)

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(b) पंडित जवाहरलाल नेहरु

(c) सी. राजगोपालाचारी

(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

प्र. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2009)

क्रिप्स प्रस्तावों प्रावधान सम्मिलित थे-

1- भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के लिये।
2- संविधान-निर्मात्री निकाय की रचना के लिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. निम्नलिखित प्रधानमंत्रियों में से किसने भारत में क्रिप्स मिशन भेजा? (2009)

(a) जेम्स राम्से मैकडोनल्ड

(b) स्टैनली बॉल्डविन

(c) नेविल चेम्बरलेन

(d) विन्स्टन चर्चिल

प्र. भारतीय शासन अधिनियम, 1935 के द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसे दी गई थीं? (2018)

(a) संघीय विधानमंडल को

(b) गवर्नर जनरल को

(c) प्रांतीय विधानमंडल को

(d) प्रांतीय राज्यपालों को

महत्त्वपूर्ण ब्रिटिश विधान

प्र. 1929 का व्यापार विवाद अधिनियम (ट्रेड डिस्प्यूट्स एक्ट) निम्नलिखित में से किसका उपबंध करता है? (2017)

(a) उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी

(b) औद्योगिक झगड़ों के दमन के लिये प्रबंधन के पास मनमानी करने की शक्ति

(c) व्यापार विवाद की स्थिति में ब्रिटिश न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप

(d) अधिकरणों (ट्रिब्यूनल्स) की प्रणाली तथा हड़तालों पर रोक

प्र. रॉलेट सत्याग्रह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2015)

1- रॉलेट अधिनियम, 'सेडिशन कमेटी' की सिफारिश पर आधारित था।
2- रॉलेट सत्याग्रह में, गांधीजी ने होम रूल लीग का उपयोग करने का प्रयास किया।
3- साइमन कमीशन के आगमन के लिये विरूद्ध हुए प्रदर्शन रॉलेट सत्याग्रह के साथ-साथ हुए।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. रॉलेट एक्ट का लक्षय था: (2012)

(a) युद्ध प्रयासों को अनिवार्य आर्थिक समर्थन

(b) बिना मुकदमा चलाये बंदी बनाना और मुकदमों की सुनवाई संक्षिप्त प्रक्रिया द्वारा

(c) खिलाफत आंदोलन का दमन

(d) प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाना

प्र. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, रॉलेट एक्ट ने किस कारण से सार्वजनिक रोष उत्पन्न किया?

(a) इसने धर्म की स्वतंत्रता को कम किया

(b) इसने भारतीय परंपरागत शिक्षा को दबाया

(c) इसने लोगों को बिना मुकदमा चलाए जेल भेजने के लिये अधिकृत किया

(d) इसने श्रमिक संघ (ट्रेड यूनियन) कि गतिविधियों को नियंत्रित किया

प्र. जब रॉलेट एक्ट पारित हुआ था, उस समय भारत का वाइसराय कौन था? (2008)

(a) लॉर्ड इर्विन

(b) लॉर्ड रीडिंग

(c) लॉर्ड चेम्सफोर्ड

(d) लॉर्ड वेवेल

विभिन्न आंदोलन तथा संगठन

प्र. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2019)

आंदोलन/संगठन	**नायक (लीडर)**
1- अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग	महात्मा गांधी
2- अखिल भारतीय किसान सभा	स्वामी सहजानंद सरस्वती
3- आत्मसम्मान आंदोलन	ई- वी- रामास्वामी नायकर

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. 1920 में, निम्नलिखित में से किसने अपना नाम परिवर्तित कर “स्वराज्य सभा” रख लिया? (2018)

(a) ऑल इंडिया होम रूल लीग

(b) हिंदू महासभा

(c) साउथ इंडिया लिबरल फेडरेशन

(d) द सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी

प्र. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में उषा मेहता की ख्याति: (2011)

(a) भारत छोड़ो आंदोलन की वेला में गुप्त कांग्रेस रेडियो चलाने हेतु है

(b) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता हेतु है

(c) आज़ाद हिंद फौज की एक टुकड़ी का नेतृत्व करने हेतु है

(d) पंडित जवाहरलाल नेहरु की अंतरिम सरकार के गठन में सहायक भूमिका निभाने हेतु है

प्र. निम्नलिखित में से किसने अहमदाबाद टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन की स्थापना की? (2009)

(a) महात्मा गांधी

(b) सरदार वल्लभभाई पटेल

(c) एन. एम. जोशी

(d) जे. बी.कृपलानी

प्र. भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान निम्नलिखित में से किसने 'फ्री इंडियन लीजन' नामक सेना बनाई? (2008)

(a) लाला हरदयाल

(b) रास बिहारी बोस

(c) सुभाष चन्द्र बोस

(d) वी. डी. सावरकर

प्र. भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2018)

संस्थान	संस्थापक
1- बनारस का संस्कृत कॉलेज	विलियम जोन्स
2- कलकत्ता मदरसा	वॉरेन हेस्टिंग्स
3- फोर्ट विलियम कॉलेज	आर्थर वेलेज़ली

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 3